an>

Title: Issue regarding law and order situation in Madhya Pradesh.

श्री गुमान सिंह दामोर (रतलाम): महोदय, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया । मैं रतलाम, मध्य प्रदेश से हूँ । मैं आपकी जानकारी में यह लाना चाहता हूँ कि दिसम्बर, 2018 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है और तब से हमारे कार्यकर्ताओं पर भारी अत्याचार हो रहा है । अभी दो दिन पहले की बात है कि आपसी विवाद की सूचना देने के लिए हमारे चार कार्यकर्ता रतलाम के औद्योगिक थाना क्षेत्र में गए । उन चारों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बिना पूछे, बिना कारण बताए इतना पीटा, इतना पीटा कि आज वे चारों अस्पताल में भर्ती हैं ।

महोदय, यह पहली घटना नहीं है । इसके पहले भी तीन बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं । बिना कारण बताए, बिना वजह से हमारे कार्यकर्ताओं को पीटा जा रहा है । मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूँ कि ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगे और यदि मध्य प्रदेश शासन कानून व्यवस्था ठीक नहीं कर पाए तो मध्य प्रदेश शासन को भंग कर देना चाहिए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री गुमान सिंह दामोर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।